## रामंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण पत्रों का प्रेषण शुरू

अयोध्या, 14 दिसम्बर। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण पत्रों का प्रधान डाकघर से प्रेषण शुरू कर दिया गया है।

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा डाक विभाग के माध्यम से देश-विदेश के साधु संतों को बाईस जनवरी 2024 के प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं, जिसकी बुकिंग का कार्य डाक विभाग

- **श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा डाक विभाग के माध्यम से देश-विदेश के साधु संतों को 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं।**

में जोरों पर है। प्रधान डाकघर में आमंत्रण पत्रों की बुकिंग कार्य का जायजा मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच.के. यादव ने दिया।

इस दौरान यादव ने बताया कि श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट से बी.एन.पी.एल. के एग्रीमेंट के तहत आमंत्रण पत्र का बुकिंग कार्य किया जा रहा है। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा अब तक देश-विदेश के तीन हजार सात सौ पन्द्रह आमंत्रण पत्र डाक विभाग को बुकिंग के लिये उपलब्ध कराया गया है।

# हमास नेता इजरायल के साथ युद्धविराम वार्ता को तैयार

### हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हनीयेह ने हमास से संबंद्ध अल-अक्सा टीवी पर प्रसारित भाषण में यह जानकारी दी

- **हनीयेह ने कहा कि, हमास युद्ध के बाद की ऐसी किसी भी राजनीतिक व्यवस्था को अस्वीकार करता है, जिसमें हमास और अन्य फिलिस्तीनी गुट शामिल ना हों।**
- **हनीयेह ने गाजा पर इजरायली हमलों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ ाने की भी अपील की है।**

गाजा, 14 दिसंबर। हमास नेता इस्माइल हानियेह ने कहा है कि गाजा पर शासन करने वाला फिलिस्तीनी गुट इजरायल के साथ किसी भी व्यवस्था या पहल पर वार्ता करने के लिए तैयार है ताकि युद्धविराम हो सके।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हनीयेह ने हमास से संबद्ध अल-अक्सा टीवी पर प्रसारित भाषण में कहा, "हम किसी भी व्यवस्था या पहल पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं जिससे इजरायल के हमले रुक सके। हमास के बगैर गाजा के भविष्य के संबंध में व्यवस्था सफल नहीं होगी।"

हनियेह ने कहा कि, हमास ने गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव का स्वागत किया है और गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए सऊदी अरब तथा संयुक्त अरब-इस्लामिक असाधारण शिखर सम्मेलन द्वारा सौंपी गई मंत्रिस्तरीय समिति के प्रयासों की भी सराहना की है।

उन्होंने हमास की ओर से युद्ध के बाद की ऐसी किसी भी राजनीतिक व्यवस्था को अस्वीकार करने की पुष्टि की, जिसमें हमास और अन्य फिलिस्तीनी गुट शामिल ना हों। उन्होंने साथ ही गाजा पर इजरायली हमलों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ ाने की भी अपील की है।

इससे पहले इजरायली मीडिया ने कई हमास नेताओं के कतर से अज्ञात गंतव्यों की ओर प्रस्थान की रिपोर्ट दी थी, जिसमें लेबनान, ईरान या अल्जीरिया जैसे देशों में संभावित स्थानांतरण का सुझाव दिया गया था। हमास की ओर से हालांकि इन रिपोर्टों के संबंध में कोई पुष्टि नहीं की गई है।

गौरतलब है कि सात अक्टूबर से इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 19,800 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

गाजा पर इजरायली हमलों में कम से कम 18,608 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 50,594 अन्य घायल हुए हैं जबकि इजरायल पर हमास के हमलों में करीब 1,200 लोग मारे गए हैं।

### आईईडी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बी.एस. एफ.) का एक जवान शहीद हो गया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने घटना की पुष्टि की है। माहला बीएसएफ कैंप से जवानों की टुकड़ी नक्सल गश्त पर रवाना हुई थी।

इसी दौरान नक्सलियों ने जंगल के बीच जवानों को निशाना बनाकर आईईडी ब्लास्ट किया, जिसमे बीएसएफ का जवान अखिलेश राय ब्लास्ट की चपेट में आ गया।

जवान को गंभीर हालत में पखांजूर सिविल अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही जवान ने दम तोड दिया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

## कर्नाटक के तीन भाजपा विधायक कांग्रेस के रात्रिभोज में शामिल हुए

बेलागवी, 14 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई में असंतोष की खबरों के बीच पार्टी के तीन विधायक बुधवार रात यहां विधायक दल की बैठक के बाद कांग्रेस की ओर से आयोजित रात्रिभोज में शामिल हुए।

भाजपा प्रदेशाधयक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने इसे गंभीर मामला माना और कहा कि वह उनसे बात करेंगे। तीनों विधायकों की पहचान एसटी सोमशेखर, शिवराम हेब्बार और एच विश्वनाथ के रूप में की गई है। वे 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की अटकलों के बीच रात्रिभोज में शामिल हुए।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस बात से इनकार किया कि भाजपा विधायक कांग्रेस एलपी बैठक में शामिल हुए, लेकिन उसके बाद डिनर पार्टी में शामिल हुए।

इस साल विधानसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा के खिलाफ अपनी मुखर टिप्पणियों के कारण तीनों भाजपा विधायकों के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही है।

शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, मैंने अलग से रात्रिभोज का आयोजन किया था और मैंने पार्टी के कुछ अन्य नेताओं को भी आमंत्रित किया था।



## पूनिया से मुलाकात की दिया कुमारी ने

- **राज्य की नई मनोनीत उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरूवार को पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के घर पहुंची। डॉ. पूनिया ने भगवान राम की मूर्ति भेंटकर दिया कुमारी का स्वागत किया।**

जयपुर, 14 दिसंबर (का.सं.)। राजस्थान की 7वें मनोनीत उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया से उनके घर जाकर मुलाकात की। डॉ. पूनिया ने दिया कुमारी को भगवान श्रीराम की मूर्ति भेंट की तथा उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

सतीश पूनिया ने कहा कि, मुझे पूर्ण विश्वास और भरोसा है कि विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भाजपा की डबल इंजन सरकार और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में किसानों, युवाओं और माता-बहनों के लिये कल्याणकारी योजनाओं से राजस्थान प्रगति का नया अध्याय लिखेगा और विकसित राजस्थान बनाने का संकल्प भी धरातल पर उतरेगा।

# श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात

- **मौसम विभाग केन्द्र श्रीनगर ने बताया कि, दक्षिण कश्मीर में शोपियां में पिछली रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

श्रीनगर, 14 दिसंबर। जम्मू-कश्मीर में लगातार ठंड बढ़ रही है। जहां कश्मीर के हाड कंपाने वाली ठंड जारी है, वहीं श्रीनगर में इस मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग केन्द्र श्रीनगर ने बताया कि दक्षिण कश्मीर में शोपियां में जिला में सबसे ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गयी है, जहां पिछली रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई भारी गिरावट के कारण श्रीनगर के डल झील के आंतरिक हिस्से और अन्य निकाय तथा पानी के पाइप में पानी जम गया है।

दक्षिण कश्मीर के सबसे प्रिय पर्यटक स्थल पहलगाम में पिछली रात के शून्य से नीचे 5.3 डिग्री के मुकाबले आज न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम है। उत्तर कश्मीर के स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान मामूली सुधार हुआ है और गुरुवार को तापमान शून्य से नीचे 5.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे पहली रात को यहां न्यूनतम तापामान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में तापमान पिछली रात के शून्य से नीचे 3.2 डिग्री के मुकाबले आज शून्य से नीचे 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान पिछली रात के शून्य से नीचे 3.7 डिग्री के मुकाबले आज गिरकर शून्य से नीचे 4.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकांश स्थानों पर मौसम साफ रहने वाला है और 15 दिसंबर तक मुख्य रूप से मौसम शुष्क रहेगा।

# युवा कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

### भारतीय युवा कांग्रेस ने संसद सुरक्षा में चूक को गंभीर मामला बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर। भारतीय युवा कांग्रेस ने संसद सुरक्षा में चूक को गंभीर मामला बताते हुए गुरुवार को यहां केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. श्रीनिवास ने कहा कि, संसद में घुसपैठ का मामला बहुत ही गंभीर है, पर केंद्र सरकार के बर्ताव को देख कर ऐसा लग रहा है कि उन्हें इस घटना से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि, संसद की सुरक्षा चूक के सवाल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को इस पर अपना वक्तव्य देना चाहिए और इस चूक पर क्या कदम उठाए जाएंगे, इसके बारे में सदन में उन्हें बताना चाहिए।

श्रीनिवास ने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री को गंभीर घटना पर दुख जताना चाहिए था, पर उनका ऐसा रवैया ढ ुलमुल लग रहा है। उन्होंने यह मांग कि, ये देश की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर

- **भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. श्रीनिवास ने कहा कि, केंद्र सरकार के बर्ताव को देख कर ऐसा लग रहा है कि उन्हें इस घटना से कोई सरोकार नहीं है। देश के प्रधानमंत्री को गंभीर घटना पर दुख जताना चाहिए था, पर उनका ऐसा रवैया ढुलमुल लग रहा है।**

मामला है और इस पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को जवाब देना चाहिए।

दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव ने कहा कि, जहां एक तरफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा अपनी आईडी के पासवर्ड को सांझा करने पर संसद द्वारा उन्हें बर्खास्त कर दिया जाता है वहीं भाजपा सांसद के पास पर दो लोग लोकसभा की दर्शक दीर्घा के अंदर आते हैं और सदन की गैलरी में कूद कर गैस छोड़ते हैं, इस पर अभी तक कोई कारवाई क्यों नहीं हुई है, ये देश की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि, जो सदन की गैलरी में कूद कर गैस छोड़ सकते हैं, वो जानलेवा बम भी फोड़ सकते हैं। इस पूरे मामले में देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को अपना जवाब देना चाहिए और जिस भाजपा सांसद के पास पर दो लोग सदन के अंदर आए थे उस सांसद को जल्द से जल्द बर्खास्त किया जाना चाहिए।

इस दौरान प्रदर्शन में दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव समेत अनेकों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'सांसदों को किस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सही मायने में यह लोकतंत्र का निलंबन हुआ है। जिन सांसदों का निलम्बन हुआ है सरकार बताए उनका अपराध क्या है। क्या गृहमंत्री से सदन में बयान देने का आग्रह करना अपराध है या गंभीर सुरक्षा चूक पर चर्चा कराना अपराध है। सवाल है कि भाजपा की सरकार में व्यवस्था का जो आलम बना है क्या इसमें तानाशाही नहीं झलकती है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में जो चूक हुई उसके खिलाफ कांग्रेस के सांसदों ने आवाज उठाई तो उन्हें आज निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा, संसद में हुई सुरक्षा चूक को लेकर सरकार से जवाब मांगने के लिए विपक्षी सांसदों को निलंबित करना गलत और अलोकतांत्रिक है। एक तरफ जवाबदेही की मांग करने पर सांसदों को निलंबित किया जाता है और दूसरी तरफ उपद्रवियों के प्रवेश में मदद करने वाले भाजपा सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

उन्होंने सरकार के इस कदम को लोकतंत्र की हत्या करार दिया और कह, यह लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार ने संसद को रबर स्टाम्प बनाकर रख दिया है। अब लोकतांत्रिक प्रक्रिया दिखावे के लिए भी नहीं बची है।

### दम्पती ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हलचल नहीं हुई तो पड़ोसियों ने एमपी नगर थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो चार जने अलग-अलग फंदे पर लटके हुए थे और एक जना वहीं पर गिरा पड़ा था और उसके मुंह से झाग निकले हुए थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक हनुमान सोनी मूलत: देशनोक का रहने वाला था और यहां अत्योदय नगर में किराये के मकान में रहता है। सामूहिक सुसाइड के बारे में कहा जा रहा है कि आर्थिक तंगी के चलते उसने यह कदम उठाया है। घटना की जानकारी मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम मौके पर पहुंची। मृतक हनुमान सोनी जेवरात का कारीगर है। मृतकों में दम्पति के अलावा दो लड़के व एक लड़की है। बहरहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

# कोयला घोटाले को लेकर सी.बी.आई. के छापे

- **पश्चिम बंगाल में सरकारी स्वामित्व वाली ईसीएल खदानों से कोयले की कथित तस्करी को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारियों ने गुरुवार को कोलकाता , दुर्गापुर और आसनसोल के औद्योगिक शहरों सहित कम से कम 12 स्थानों पर छापेमारी की।**

कोलकाता, 14 दिसंबर। पश्चिम बंगाल में सरकारी स्वामित्व वाली ईसीएल खदानों से कोयले की कथित तस्करी को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारियों ने गुरुवार को कोलकाता ,दुर्गापुर और आसनसोल के औद्योगिक शहरों सहित कम से कम 12 स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि कोलकाता में सीबीआई के अधिकारियों ने भवानीपुर में उन तीन फ्लैटों पर छापा मारा जहां पूर्व ईसीएल अधिकारी श्यामल सिंघा रहते थे।

इसके अलावा संघीय एजेंसी की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा ने आसनसोल और दुर्गापुर कस्बों सहित पश्चिम बर्धमान जिले के कई स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। छापेमारी घोटाले के कथित लाभार्थियों के कार्यालयों और आवासों पर की गई इस मामले में कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि राज्य के कुछ प्रभावशाली लोगों से पूछताछ की गई है।

जांच अधिकारियों को कोयला घोटाले में और अधिक लाभार्थियों के बारे में कुछ सुराग मिलने के बाद सीबीआई की छापेमारी हुई ।

### तेलंगाना में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बी.आर.एस. पर धुआंधार एवं तल्ख हमला बोलने के बाद अब भाजपा के शीर्ष नेतागण के. चन्द्रशेखर राव का साथ मिलकर मंच साझा करने में कठिनाई व असहज महसूस कर रहे हैं और वे भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की एक मंच से आलोचना भी नहीं कर सकते। एक खास बात यह है कि प्रधानमंत्री सार्वजनिक रूप से घोषणा कर चुके हैं कि उन्होंने के.सी.आर. की एन.डी.ए. में शामिल होने के अनुरोध को नकार दिया है। इन वर्तमान हालातों के चलते भाजपा के एक नेता का कहना है कि संभावना यह बन रही है कि भाजपा तेलंगाना की 17 लोकसभा सीटों पर अपने दमखम पर ही चुनाव लड़ेगी।

परन्तु, चुनाव संबंधी अंतिम फैसला चुनावों स पूर्व स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद पार्टी का केन्द्रीय हाईकमान करेगा।

## सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर संसद ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

योजनाबद्ध रुप से काम कर रहे थे और उनमें आपस में अच्छा तालमेल था। इनमें पांच अब पुलिस हिरासत में हैं। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि ऐसा करने का उद्देश्य विभिन्न मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना था।

पूछताछ में पता चला कि सभी छह आरोपी चार वर्ष से एक-दूसरे के सम्पर्क में थे और उन्होंने कुछ दिन पूर्व ही ऐसी वारदात की योजनाबद्ध तैयारी की थी। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए आपस में तालमेल बनाए रखा और वारदात से कुछ दिन पूर्व ही इन्होंने संसद भवन की रेकी की थी।

ये सभी मैट्रो से राजीव चौक पहुंचे फिर इन्होंने संसद भवन रवाना होने से पूर्व इण्डिया गेट पर आधा घंटा रुककर अपनी आपराधिक प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया। दर्शक दीर्घा के किसी वैध "पास" के बिना इनमें से कोई भी संसद भवन परिसर में नहीं जा सकता था, इसलिए इन्होंने मैसूर के भाजपा सांसद कार्यालय से "पास" जारी करवाया था।

देश की राजधानी में स्थित संसद भवन में हुई भारी सुरक्षा चूक के एक दिन बाद दिल्ली पुलिस ने चार जनों के खिलाफ भारत के कठोरतम आतंक निरोधी कानून और गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के अन्तर्गत मामले दर्ज किए। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा में हुई इस चूक की जांच-पड़ताल का आदेश किया था।

हमले की योजना बनाने वाले आरोपियों की पहचान पुलिस ने मनोरंजन डी., सागर शर्मा, नीलम आज़ाद, अमोल शिंदे और विशाल शर्मा के रुप में की है। छठा आरोपी ललित झा फरार है। आरोपियों को दिल्ली के एक कोर्ट में पेश करने के बाद आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जाएगा।

वर्ष 2001 में हुए संसद हमले की बरसी पर सागर शर्मा और मनोरंजन डी. शून्य के ठीक बाद दोपहर एक बजे पब्लिक गैलेरी से लोकसभा चैम्बर में कूदे। उन्होंने अपने जूतों में छिपाए गए कैनिस्टर्स से पीले रंग की गैस छोड़ी। जब सांसदों को आभास हो गया कि आरोपियों के पास कोई हथियार नहीं है तब उन्होंने उन पर काबू पा लिया, लेकिन आरोपियों ने इससे पहले नारेबाजी की।

करीब इसी समय पर, दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम देवी ने संसद भवन परिसर के बाहर नारेबाजी की "तानाशाही नहीं चलेगी" और इसके साथ कैनिस्टर्स रंग-बिरंगी गैस छोड़ी।

## आसियान-भारत अन्न महोत्सव में " मिलेट्स" पर विशेष जोर

- **दो दिवसीय इस महोत्सव में भारत सहित आसियान देशों के नीति-निर्माता, उद्यमी, विशेषज्ञ स्टार्टअप एवं अधिकारी भाग ले रहे है।**

नयी दिल्ली, 14 दिसंबर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को आसियान-भारत अन्न महोत्सव का राष्ट्रीय राजधानी में शुभारंभ करते हुए कहा कि देश में मोटे अनाज (मिलेट्स) को बढ़ ावा देने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर ही है। इसी कड़ी में यहां वसंत कुंज इलाके में दो दिवसीय मिलेट मेले का आयोजन किया गया है। आसियान में भारतीय मिशन द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय इस महोत्सव में भारत सहित आसियान देशों के नीति-निर्माता, उद्यमी, विशेषज्ञ स्टार्टअप एवं अधिकारी भाग ले रहे हैं।

समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी और सुशोभा करंदलाजे तथा सचिव मनोज आहूजा भी मौजूद थे। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अनुरूप, महोत्सव का उद्देश्य जागरूकता बढ़ ाना और अन्न एवं अन्न आधारित उत्पादों के लिए वृहद बाजार स्थापित करना है।

मुंडा ने कहा कि श्रीअन्न किसानों, उपभोक्ताओं व पर्यावरण हेतु असीमित लाभ प्रदान करते हैं एवं वैश्विक खाद्य-पोषण सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023के कार्यक्रमों के अनुरूप, इस महोत्सव का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और अन्न एवं अन्न आधारित उत्पादों के लिए वृहद बाजार स्थापित करना है।

# मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थलों में अनियंत्रित लाउड स्पीकर्स प्रतिबंधित

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पदभार ग्रहण करते ही लिए ताबड़तोड़ फैसले

- **मध्य प्रदेश में खुले में तथा बिना अनुमति के मांस एवं मछली के विक्रय पर रोक के लिए विशेष अभियान 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक चलेगा।**

भोपाल, 14 दिसंबर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पदभार ग्रहण करते ही कई अहम फैसले किए, जिसमें धार्मिक स्थलों पर अनियंत्रित लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध के साथ ही राज्य में खुले में मांस की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

डॉ. यादव ने शपथ ग्रहण करने के बाद शाम को मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया था। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने मंत्रिपरिषद् की बैठक आयोजित की, जिसमें डॉ. यादव के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला एवं राज्य की मुख्य सचिव वीरा राणा और अन्य आला अधिकारी उपस्थित रहे।

इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जन कल्याण से जुड़े आठ प्राथमिक मुद्दों पर चर्चा हुई और मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि, वर्तमान में 12 जिलों में सायबर तहसील योजना लागू है। नागरिकों को भूमि के विक्रय विलेखों के पंजीयन (रजिस्ट्री) के उपरांत स्वचालित प्रक्रिया के माध्यम से नामांतरण की सेवा सभी जिलों में उपलब्ध होगी। सायबर तहसील में ऐसे मामलों का निराकरण (नामांतरण) किया जाता है जिसमें संपूर्ण खसरा नंबर या संपूर्ण प्लॉट समाहित हैं और किसी भी खसरा या प्लॉट का कोई विभाजन नहीं है।

मुख्यमंत्री ने विभागों की कार्यप्रणाली में गति लाने और पारदर्शी व्यवस्था लागू कर जन समस्याओं के समाधान के कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। डॉ. यादव ने बैठक में विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त, सुशासन आधारित कार्य पद्धित का विकास किया जाए। नागरिकों को राजस्व और अन्य सभी कार्यों के लिए परेशान ना होना पड़े।

बैठक में फैसला किया गया कि प्रदेश में खुले में तथा बिना अनुमति के मांस एवं मछली के विक्रय पर रोक के लिए विशेष अभियान संचालित होगा। यह अभियान 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक सघन रूप से चलेगा। डॉ यादव ने कहा कि इसके लिए खाद्य, पुलिस और नगरीय निकाय विभाग का संयुक्त अभियान चलाया जाए। साथ ही धार्मिक स्थल या अन्य स्थल में निर्धारित मापदंड के अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके अनुसार लाउड स्पीकर तथा डीजे के माध्यम से अपेक्षित डेसिबल से अधिक ध्वनि को रोकने के लिए ध्वनि प्रदूषण की जांच की व्यवस्था होगी। तेज आवाज में एवं बिना अनुमति के नियम विरूद्ध ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को पूर्णत: प्रतिबंधित करने के लिए निर्देश दिए गए।

एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 16 शासकीय विश्वविद्यालयों और 53 निजी विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की डिग्री और अंक सूची डिजी लॉकर में अपलोड करने की व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में 9 शासकीय विश्वविद्यालयों और 5 निजी विश्व विद्यालयों में यह व्यवस्था लागू है। डॉ यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलना चाहिए। दस्तावेज का सार्वजनिक प्रकाशन होने से विश्वसनीयता भी बनी रहेगी। सभी विश्वविद्यालयों को यह व्यवस्था करना है। इनमें विभागों द्वारा संचालित विश्वविद्यालय भी शामिल होंगे।

बैठक में वर्ष 2024 से तेंदूपत्ता संग्रहण की दर बढ़ ाने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय के अनुसार अब पारिश्रमिक दर प्रति मानक बोरा चार हजार रुपए होगी। बैठक में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर संचालित अग्रणी /चिन्हित महाविद्यालयों का पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन किए जाने पर चर्चा हुई।

बैठक में अपराधों और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए न्यायालय से प्राप्त जमानत को विभिन्न धाराओं में निरस्त कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देने की जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत आदतन अपराधियों द्वारा जमानत पर छूटने के बाद पुन: अपराध की घटना करने पर पुलिस मुख्यालय एवं लोक अभियोजन संचालनालय द्वारा मासिक समीक्षा कर प्रकरणों में अपराधी की जमानत निरस्त करने के लिए त्वरीत कार्यवाही की जाएगी।

राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू ( राज. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600